Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to construct Bypass on NH 113 at Ghatol in Banswara Parliamentary Constituency, Rajasthan - Laid

श्री कनकमल कटारा (बांसवाड़ा): मैं केन्द्र सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र बांसवाड़ा-डूंगरपुर राजस्थान के अन्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 113 पर निम्बाड़ा से दाहोद तक चल रहे कार्य की ओर दिलाना चाहता हूँ| इस राजमार्ग के बीच में प्रतापगढ़, पीपलखुंट घाटोल व बांसवाड़ा, राजस्थान तक कार्य पूर्ण होने जा रहा है परन्तु घोटाल के पास इस राजमार्ग की चौड़ाई कम होने के कारण आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं, जिससे जान-माल का भारी नुकसान होता है । अगर इस राजमार्ग पर घाटोल में बाईपास निकाल दिया जाये तो उससे न केवल दुर्घटनाएं कम हो जायेगी बल्कि यातायात भी सुचारू रूप से चलाने में सुविधा होगी । क्षेत्र वासियों द्वारा इस बाईपास को बनाने की मांग काफी समय से की जा रही है ।

मैं माननीय मंत्री जी से मांग करता हूँ कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 113 पर घाटोल बाईपास की स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करें जिससे बाईपास का कार्य अविलम्ब शुरू कराया जा सके । इसके लिए इस क्षेत्र की जनता आपकी सदा आभारी रहेगी ।